स्वच्छ सर्वेक्षण 2022

# मानगो नगर निगम

## ने तेज की सफाई अभियान

तकरीबन 50 स्ट्रीट लाइट कराई गई दुरुस्त

चिन्हित जगहों पर टैंकर से पानी उपलब्ध कराने पर दिया जा रहा ज़ोर

## नगर निगम ने शुरू कई क्षेत्रों में सफाई

जमशेदपुर, वरीय संवाददाता । मानगो नगर निगम की ओर से सोमवार को स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 को लेकर सफाई अभियान तेज कर दिया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय के निर्देशानुसार नगर निगम के कई क्षेत्रों में साफ सफाई, डोर टू डोर एवं नाली सफाई का कार्य ...

पुरुलिया रोड, जवाहर नगर रोड, पोस्ट ऑफिस रोड आदि कई क्षेत्रों में सफाई हुई। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि उनके द्वारा नगर निगम क्षेत्र में प्रतिदिन सफाई का निरीक्षण किया जाएगा। कचरा उठाव ...

## स्ट्रीट लाइट की हर दिन होगी निगरानी

जमशेदपुर, वरीय संवाददाता। मानगो नगर निगम की ओर से सोमवार को स्ट्रीट लाइट की मरम्मत नगर निगम क्षेत्र में कराई गई। नगर प्रबंधक निशांत कुमार द्वारा शाम छह बजे से रात 10 बजे तक प्रतिदिन सभी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत की जा रही है। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि हिलव्यू बिहार कॉलोनी, एमजीएम कॉलेज के पास, शंकोसाई रोड नंबर 5, हिल व्यू कॉलोनी, ओल्ड पुरुलिया रोड नंबर 2, बागान शाही इत्यादि इलाकों मे टीम लागा कर स्ट्रीट लाइट मरम्मत अभियान चला कर लगभग 50 स्ट्रीट लाइट की मरम्मत की गई।

### मानगो में टैंकर से पानी उपलब्ध कराया गया

जमशेदपुर। मानगो नगर निगम की ओर से सोमवार को पाइपलाइन से जलापूर्ति बाधित होने वाले क्षेत्रों में टैंकर से पानी सप्लाई की गई। इसमें शंकोसाई, डिमना रोड सहित अन्य क्षेत्रों में टैंकर से निशुल्क पानी उपलब्ध कराया गया।

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA